आई टी एल पब्लिक स्कूल
पूर्व वार्षिक कार्य पत्रिका (2025-26)
हिंदी

दिनांक ः ________ उत्तरकुंजी कक्षाः तृतीय ___
नाम ः__________ रोल नंबरः _

सामान्य निर्देश-
1) इस कार्य पत्रिका में 6 पृष्ठ, 3 भाग और कुल 13 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | |
|---|---|
| | भाग- क |
| प्रश्न 1 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।<br><br>एक दिन रीमा और उसके मित्रों ने पास की पहाड़ी पर घूमने का निश्चय किया। वे अपने साथ खाने के लिए कुछ फल और सैंडविच ले गए।सभी ने आरामदायक जूते पहने और सुबह जल्दी निकल पड़े। पहाड़ों पर हरे-भरे पेड़, और ठंडी हवा उनका स्वागत कर रहे थे। रीमा ने रास्ते में बहते हुए छोटे झरने और रंग-बिरंगी तितलियाँ देखीं। अचानक उन्हें पेड़ों के पीछे से एक मोर नाचता हुआ दिखाई दिया। कुछ देर विश्राम करने के बाद वे सभी खुशी-खुशी घर लौट आए।<br>क) रीमा और उसके मित्र कहाँ घूमने गए थे?<br>(अ) बाज़ार (ब) पहाड़ी (स) मैदान (द) स्कूल<br><br>ख) रीमा ने रास्ते में क्या देखा?<br>(अ)बस (ब) इमारत (स) झरना और तितलियाँ (द) ट्रेन<br><br>ग) पेड़ों के पीछे से क्या दिखाई दिया?<br>(अ) कुत्ता (ब) मोर (स) बिल्ली (द) घोड़ा<br><br>घ) वे अपने साथ खाने के लिए क्या लेकर गए?<br>उत्तर: वे अपने साथ खाने के लिए कुछ फल और सैंडविच ले गए।<br><br>ङ) पहाड़ी पर उनका स्वागत किसने किया?<br>उत्तर: पहाड़ों पर हरे-भरे पेड़, और ठंडी हवा उनका स्वागत कर रहे थे। |

| | भाग ख |
|---|---|
| प्रश्न 2 | दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।<br>(क) सेना में काम करने वाला ः सैनिक<br>(ख) पत्र बाँटने वाला ः डाकिया<br>(ग) जो सोने चाँदी के गहने बनाए ः ः सुनार |
| प्रश्न 3 | रिक्त स्थान में उचित सर्वनाम शब्द लिखें।<br>(क) आप कैसे हो?<br>(ख) हम खाना खा रहे हैं।<br>(ग) मैं खेलने जा रही हूँ।<br>(घ) वह मेरा दोस्त है।<br>(ङ) हम एक कक्षा में पढ़ते हैं। |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित शब्दों के लिए अनेक शब्द लिखिए।<br>(क) खिलाड़ी ः खेल खेलने वाला।<br>(ख) कुम्हार ः जो मिट्टी के बरतन बनाए। |
| प्रश्न 5 | दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखें।<br>(क) लता - लताएँ<br>(ख) लड़की - लडकियाँ<br>(ग) रात - रातें |
| प्रश्न 6 | कोष्ठक में दिए गए शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पूरा कीजिए।<br>(क) मेरी अलमारी में कई पुस्तकें हैं। (पुस्तक)<br>(ख) टोकरी में कई संतरे रखे हैं। (संतरा) |

| | भाग ग |
|---|---|
| प्रश्न 7 | रिक्त स्थान भरें।<br><br>(क) किसान ने गेहूँ की फसल लगाई ताकि भालू को ज़मीन के नीचे का हिस्सा केवल जड़ मिले और उसको सुनहरे गेहूँ मिले ।<br><br>(ख) भारत कविता के कवि सोहनलाल द्विवेदी हैं।<br><br>(ग) शाम होने पर चारों ओर अँधेरा छा गया । |
| प्रश्न 8 | शब्दार्थ लिखें।<br><br>उपज - .फसल खोज - तलाश |
| प्रश्न 9 | दिए गए तथ्यों को सही करके दोबारा लिखें।<br><br>(क) उस माँद में शेरु नाम का एक सियार रहा करता था।<br><br>उस माँद में दधिपुच्छ नाम का एक सियार रहा करता था।<br><br>(ख) एक किसान अपना घर जोत रहा था।<br><br>एक किसान अपना खेत जोत रहा था। |
| | भाग- ग |
| प्रश्न 10 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखें।<br><br>(क) दधिपुच्छ ने कैसे जाना कि माँद में खरनखर बैठा है?<br><br>उत्तर-दधिपुच्छ ने खरनखर के पैरों के निशान गुफा के अंदर जाते हुए तो देखे परंतु बाहर आते हुए नहीं। इस कारण उसे शक हुआ कि गुफा के अंदर खरनखर है। |

| | |
|---|---|
| | (ख) यदि आप सिंह के स्थान पर होते तो क्या करते? ?<br><br>उत्तर-यदि मैं सिंह के स्थान पर होता तो मैं सियार की बातों में कभी नहीं आता और वहीं चुपचाप बैठकर सियार के भीतर आने की प्रतीक्षा करता।<br><br>(ग) अंत में किसान ने बुद्धिमत्ता कैसे दिखाई?<br><br>उत्तरः अंत में किसान ने गन्ने की फसल लगाई ताकि भालू को जड़ और पत्ते मिले । |
| प्रश्न 11 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखें।<br><br>(क) सिंह ने माँद के बारे में क्या विश्वास कर लिया और फिर क्या किया?<br><br>उत्तर:सिंह को लगा कि माँद सचमुच बोलती है और डर के कारण उसकी आवाज़ नहीं निकल रही। सिंह को लगा चुप रहने से हाथ आया शिकार चला जाएगा। इसलिए उसने माँद की ओर से उत्तर दिया।<br><br>(ख) भालू ने दूसरी बार ज़मीन नीचे की उपज क्यों मांगी ?<br><br>उत्तर पहली फसल से भालू के हिस्से में केवल पत्ते खाने को आए और किसान को ज़मीन के नीचे की फसल आलू मिली जिससे भालू चिढ़ गया था ।<br><br>(ग) अपने देश के विषय में आप क्या जानते हैं? बताइए। (कोई दो वाक्य)<br><br>उत्तर मेरे देश का नाम भारत है। अपने देश के झंडे को हम 'तिरंगा' कहते हैं।<br><br>भारत किसानों का देश है। यहाँ अनेक धर्म के लोग मिल1जुलकर एक साथ प्रेम से रहते हैं। |

| | |
|---|---|
| प्रश्न 12 | किसने, किससे कहा?<br><br>(क) "मुझे क्यों मारते हो? उपज होने दो, जो कहोगे, वही खिलाऊँगा।"<br><br>किसान ने भालू से कहा ।<br><br>(ख) पहले तो जब मैं तुझे पुकारता था, तू झट बोल पड़ती थी।<br><br>दधिपुच्छ ने माँद से कहा । |
| प्रश्न 13 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 10 से 12 पंक्तियों में अनुच्छेद लिखिए ।<br><br>बड़ा दिन ( क्रिसमस)<br><br>या<br><br>लोहड़ी<br><br>बड़ा दिन ( क्रिसमस)<br><br>भारत में समय 1समय पर अनेक त्योहार मनाए जाते हैं, जिनमें से क्रिसमस भी एक है। इसे बड़ा दिन भी कहते हैं।यह ईसाइयों का प्रमुख त्योहार है। यह हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है।इस दिन भगवान ईसामसीह का जन्म बेथलेहम के अस्तबल में हुआ था। इनकी माताजी का नाम मरियम व पिता का नाम युसुफ था। इस दिन घरों को सितारों , क्रिसमस ट्री व रंग 1बिरंगी रोशनी से सजाया जाता है।लोग विशेष प्रकार के केक खाते हैं जिसे प्लम केक कहते हैं।लोग नए कपड़े पहनते हैं।गिरजाघर जाकर मोमबत्तियाँ जलाकर प्रार्थना करते हैं।क्रिसमस की रात को सैंटा क्लॉज़ आते हैं और बच्चों को उनके मनपसंद उपहार देते हैं।यह त्योहार हमें प्रेम मानवता और भाईचारे का संदेश देता है। |

| | |
|---|---|
| | लोहड़ी<br><br>लोहड़ी सर्दियों के अंत और नई फसल के स्वागत का त्योहार है। किसान अच्छी फसल होने की खुशी में यह पर्व मनाते हैं। इस दिन शाम को लोग लकड़ियाँ इकट्ठी करके आग जलाते हैं। सभी लोग आग के चारों ओर घूमते हैं और गीत गाते हैं। ढोल की धुन पर भांगड़ा और गिद्धा किया जाता है। लोग मूंगफली, रेवड़ी, गजक और पॉपकॉर्न आग में अर्पित करते हैं और फिर मिलकर खाते हैं। हम भगवान का धन्यवाद करते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएँ देते हैं। लोहड़ी हमें मिल-जुलकर रहने, खुशियाँ बाँटने और प्रकृति का सम्मान करने की सीख देती है। |